# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 01.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

### किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी से देश के नौ करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को लगभग 20 हज़ार 5 सौ करोड़ रुपये की राशि की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री लगभग 2 हज़ार 200 करोड़ रुपये की लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

### वार्षिक रिपोर्ट

प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर ने आज राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को वर्ष 2024–25 की आयोग की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। राज्यपाल ने इस अवधि में अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में आयोग के प्रयासों के लिए आयोग के सभी सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रामेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि आयोग ने दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल युग के अनुरूप तकनीकी समाधानों को अपनाने के उद्देश्य से कई संस्थागत सुधार किए हैं। उन्होंने बताया कि इन उपायों से जनता का विश्वास आयोग की कार्यप्रणाली पर और अधिक बढ़ा है।

### मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में आज शिमला में विभिन्न विभागाध्यक्षों और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के साथ आधार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में चेहरे से प्रमाणिकरण का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश में शतप्रतिशत सफलता हासिल करने के लिए डीडी टी एंड जी, डाक विभाग और स्कूल शिक्षा सहित सभी विभागों को जल्द आधार नामांकन किट सक्रिय करने और उपलब्ध संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लम्बित मामलों को कम करने के दृष्टिगत 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग को शामिल करने के लिए निजी स्कूलों को निर्देश दिए। उन्होंने पांच वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों के आधार नामांकन को कवर करने के लिए टीकाकरण केंद्रों पर आधार किट तैनात करने को भी कहा।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार के लॉटरी शुरू करने के फैसले का कड़ा विरोध किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सरकार से इस फैसले पर पुर्नविचार करने की मांग की है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं को नौकरी देने का वायदा दिया था और अब नौकरी के बजाए उन्हें लॉटरी खरीदने या बेचने में लगा रही हैं।

उन्होंने कहा कि लॉटरी की वजह से कई घर बर्बाद हो गए थे जिसके चलते इसे बंद किया गया था। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है और राजनीतिक प्रतिद्वंदियों पर गलत मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं। बिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल की भरपूर आर्थिक मदद कर रही है लेकिन सुक्खू सरकार अपना मुख्य कर्तव्य भी नहीं निभा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा 6 अगस्त को मंडी में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। उधर जनजातीय जिला लाहौल स्पिति के जिस्पा में बीआरओ कैंप के पास बादल फटने से राष्ट्रीय राजमार्ग–3 बंद हो गया है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण पूरी पहाड़ी के खिसकने का खतरा बना हुआ है और एहतियात के तौर पर वाहनों को पंडोह डैम से पहले ही रोक दिया गया है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी छह अगस्त तक प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

---